# ग्रामीण महिला विकास संस्थान

GMVS

## वार्षिक प्रतिवेदन 2015-16

# सेवाओं की ओर ...

द हंस फाउण्डेशन
(नई दिल्ली) के वित्तीय सहयोग से
ग्रामीण महिला विकास संस्थान बूबानी अजमेर (राज.)
द्वारा संचालित वर्ष 2015-16
हंस मोबाईल मेडिकल सर्विस

द हंस फाउण्डेशन, नई दिल्ली के वित्तीय
सहयोग से ग्रामीण महिला विकास संस्थान, बूबानी (अजमेर)
द्वारा संचालित हंस मोबाईल मेडिकल सर्विसेज
विश्व मधुमेह दिवस 14 नवम्बर 2015

सुरेश सिंह रावत
संसदीय सचिव
राजस्थान सरकार

सत्यमेव जयते

6106, मंत्रालय भवन,
शासन सचिवालय, जयपुर–302005,
फोन (कार्यालय) 0141–2385701
ई.पी.ए.बी. एक्स : 5153225–21255
मोबाईल नम्बर : 9414006464
E-mail : sureshrawat29@gmail.com

# संदेश

मुझे यह जानकर बेहद खुशी हैं कि हर वर्ष की भॉति इस वर्ष भी ग्रामीण महिला विकास संस्थान–बूबानी द्वारा अपना वार्षिक कार्य प्रगति प्रतिवेदन 2015–2016 प्रकाशित किया जा रहा हैं।

संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों के तहत किये जा रहे कार्यो में ग्रामीण क्षेत्रों में सच्ची समाजसेवा व तन–मन–धन एवं पूर्ण समर्पण की भावना से निःस्वार्थ रूप से विभिन्न कार्य करना तथा ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास के राष्ट्रीय लक्ष्य एवं उद्देश्य की प्राप्ति की दिशा में एक स्वैच्छिक गैर सरकारी संगठन के रूप में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, जल चेतना एवं जल संरक्षण, महिला स्वयं सहायता समूह, किसान संवर्द्धन, महिला सशक्तिकरण, महिला साक्षरता, बालश्रम उन्मूलन आदि क्षेत्रों में कार्य करते हुए अपनी मजबूत एवं सकारात्मक उपस्थिति दर्ज करवाने में सफलता पूर्वक एक और सोपान चढ़ने पर संस्थान से जुड़े प्रत्येक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता को मेरी तरफ से अनेक–अनेक साधुवाद एवं क्षेत्र का विकास करने पर धन्यवाद।

वर्तमान परिवेश में कोई भी लक्ष्य निर्धारित करके उस की प्राप्ति के लिए अनुशासित एवं मर्यादित आचरण करते हुए उसूलों पर चल कर लक्ष्य प्राप्ति का प्रयास करना दुष्कर हैं। लेकिन संस्थान की पूरी टीम में अथक प्रयासों के मध्य नजर मुझे आशा ही नही अपितु पूर्ण विश्वास हैं कि संस्थान ने जो भी लक्ष्य एवं उद्देश्य निर्धारित करके उक्त क्षेत्र में कदम रखा हैं उसकी प्राप्ति निश्चित होगी।

आने वाले समय में संस्थान अपने कार्यक्षेत्र में विस्तार करते हुए नये आयाम स्थापित करे तथा इसी तरह मानव मात्र की सेवा करते हुए प्रगति पथ पर निरन्तर अग्रसर रहे। उक्त गतिविधियों के सफल संचालन के कारण संस्थान एवं संस्थान सचिव श्री शंकरसिंह रावत को विभिन्न जिला स्तरीय, राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तरीय पारितोषिक, पदक एवं प्रमाण पत्र मिले हैं उसके लिए में संस्थान परिवार को हार्दिक बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ एवं इस प्रगतिशील संस्थान और पूरे संस्थान परिवार के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।

(सुरेश सिंह रावत)

# निदेशक की कलम से ...

बचपन में संघर्ष देखा आप-पास के परिवेश में विभिन्न सामाजिक, आर्थिक, अशिक्षा एंव स्वास्थ्य, और महिलाओं की समस्याओं को नजदीक से अनुभव किया। तब लगा कि कौन इन समस्याओं से निजात दिला सकता हैं। किसे जाकर पुकार करू इन सब के लिए। तो विचार आया कि मैं या कोई अकेला आदमी किसी भी समस्या का समाधान नही निकाल सकता हैं। तो अन्य लोगों से विचार विमर्श किया और निर्णय लिया इस हैतु एक संगठन बनाया जाये और संगठन के माध्यम से इन विभिन्न समस्या रूपी दानव का रणनीति पूर्वक सामना किया जाये तो लोगो को राहत मिल सकती हैं। इसी आशा के साथ सन् 1998 में ग्रामीण महिला विकास संस्थान (G.M.V.S.) को N.G.O. के रूप में अपनी एक झुंझारू टीम के साथ स्थापित किया।

तब से आज तक यानि विगत 19 वर्षो से संस्थान ग्रामीण क्षैत्रों में उक्त सभी समस्याओं के साथ-साथ गरीबी, बेरोजगारी, कुपोषण, महिला समस्या, अशिक्षा, स्वास्थ्य आदि अनेकानेक चुनौतीपूर्ण मुद्दों को लेकर कार्य करते हुए उक्त समस्याओं के निराकरण के लिए संचालित विभिन्न गतिविधियों एंव कार्यक्रमों का सफल संचालन कर रही हैं।

संस्थान को अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के क्रम में विभिन्न सरकारी एंव गैर सरकारी संस्थाओं का पूरा-पूरा सहयोग एंव मार्गदर्शन मिल रहा हैं जिसके लिए उनको कोटि-कोटि धन्यवाद जिसके परिणाम स्वरूप संस्थान लगातार अपने उद्देश्यों की प्राप्ति की दिशा में अग्रसर हैं। जिससे लाखों महिलाओं, बच्चों एवं कमजोर वर्ग के लोगों को राहत मिली हैं।

संस्थान का दीर्घकालीन उद्देश्य महिला सशक्तिकरण हैं जिसे प्राप्त करने के लिए समय-समय पर विभिन्न अल्पकालीन उद्देश्य बनाकर महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों को बैंक लिंकेज कार्यक्रम के तहत विकास व रोजगार हेतु ऋण उपलब्ध करवाये जाते हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों के समुचित विकास एवं संस्थान के उद्देश्यों को प्राप्त करने में कार्यकर्ताओं की समर्पण पूर्ण मेहनत, लगन, एंव निष्ठापूर्वक किया गया योगदान ही अनुकूल परिणाम दे रहा हैं। जिससे संस्थान को राष्ट्रीय एंव अन्तर्राष्ट्रीय स्तरों पर ख्याति मिल रही हैं।

संस्थान द्वारा विभिन्न गतिविधियों एंव कार्यक्रमों का सफल संचालन किया जा रहा हैं जिसका विस्तृत विवरण 2015-16 के वार्षिक प्रतिवेदन के रूप में आपश्री के हाथों में हैं। मैं इस संस्थान एवं संस्थान के सभी कार्यकर्ताओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।

शंकर सिंह रावत
निदेशक

# अध्यक्षीय सम्बोधन

मैं अपार खुशी के साथ यह वार्षिक प्रतिवेदन आप सभी प्रबुद्धजनों के कर कमलों में समर्पित कर रहा हूँ। जिसे ग्रामीण महिला विकास संस्थान–बूबानी (G.M.V.S.) हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रस्तुत कर रही हैं। विगत 19 वर्षों से संस्थान लगातार सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक, स्वास्थ्य, जागरूकता आदि क्षेत्रों की विभिन्न विकास योजनाओं एंव गतिविधियों का विभिन्न सहभागी सरकारी एंव गैर सरकारी संस्थाओं के साथ मिल कर उनके सहयोग एंव मार्गदर्शन से सफल संचालन कर रही हैं।

ग्रामीण क्षैत्रों की विभिन्न समस्याओं (विशेष कर महिलाओं की) के आकलन एवं उनका किस प्रकार समाधान कर सके के विचार विमर्श के साथ एवं उक्त समस्याओं के निराकरण करने के उद्देश्य को लेकर सन् 1998 में ग्रामीण महिला विकास संस्थान एक स्वैच्छिक संगठन के रूप में अस्थित्व में आया। तब से आज तक संस्थान विभिन्न कार्यक्रमों व परियोजनाओं के माध्यम से गरीबी, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, वित्तीय जागरूकता, महिला स्वयं सहायता समूह, महिला सशक्तिकरण स्वरोजगार आदि के विभिन्न मुद्दों पर कार्य करते हुए अपने उद्देश्यों की प्राप्ति हैतु योजनाबद्धरूप से अग्रसर हैं।

संस्थान राजस्थान राज्य के 03 जिलों यथा अजमेर, चित्तौड़गढ़ एवं नागौर में विभिन्न कार्यक्रम संचालित कर रही हैं। संस्थान अजमेर जिलें की 5 पंचायत समितियों (श्रीनगर, सिलोरा, पीसांगन, केकड़ी व भिनाय) तथा चित्तौड़गढ़ के 5 पंचायत समितियों (चित्तौड़गढ़, निम्बाहेड़ा, कपासन, चन्देरिया व सावा) एवं नागौर जिले की 02 पंचायत समितियों (रियाँ बड़ी एवं परबतसर) में कार्य कर रही हैं।

संस्थान को अपने उद्देश्यों की प्राप्ति हैतु संचालित विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का सफल संचालन करने के कारण हर वर्ष अनेकानेक राष्ट्रीय, राज्य, एवं जिला स्तरीय पुरस्कारों एंव प्रमाण पत्रों से सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जाता रहा हैं। इस हैतु मैं संस्थान की रीढ़ माने जाने वाले संस्थान में कार्यरत कर्मठ कार्यकर्ताओं को उनके सकारात्मक प्रयासों, सच्ची मेहनत एवं लगन के लिए उनका आभार प्रकट करता हूँ।

अनिल कुमार माथुर
अध्यक्ष

# ग्रामीण महिला विकास संस्थान (GMVS) कार्यक्षेत्र मानचित्र

**INDIA भारत**

**राज्य-राजस्थान**




**जिला-नागौर**




**जिला-अजमेर**




**जिला-चित्तौडगढ़**




- △ जिला मुख्यालय-अजमेर, नागौर चित्तौडगढ़
- ○ मुख्य संस्थान कार्यालय-किशनगढ़
- ✡ संस्थान पंजीयन कार्यालय-बूबानी अजमेर
- ○ संस्थान क्षेत्रीय कार्यालय-चित्तौडगढ़
- ◎ संस्थान क्षेत्रीय कार्यालय-थावला नागौर

# ग्रामीण महिला विकास संस्थान-बूबानी, अजमेर ( राज )
# Gramin Mahila Vikash Sansthan-Bubani, Ajmer, Raj.
# वार्षिक प्रतिवेदन : वर्ष-2015-2016

## पृष्ठभूमि (Background)

ग्रामीण महिला विकास संस्थान, राजस्थान संस्था पंजीकरण सोसायटी अधिनियम 1958 की धारा 28 के तहत एवं आयकर अधिनियम 1961 की धारा 12-ए व 80जी के तहत तथा FCRA एक्ट 1976 के अधीन पंजीकृत हैं।

ग्रामीण महिला विकास संस्थान मानव समाज विषयक उद्देश्य जिसमें ग्रामीण महिला विकास एवं उत्थान विशेष के लिए गठित स्वैच्छिक संगठन हैं, जो वृहद स्तर पर ग्रामीण समुदाय के साथ उनके सामाजिक सशक्तिकरण एवं आजीविका संवर्द्धन के लिए कार्य कर रही हैं। संस्थान विविध और व्यापक स्तर पर समस्या प्रदान मुद्दों जैसे- स्वास्थ्य, शिक्षा, बच्चों की देखभाल, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक मुद्दे, स्वरोजगार आदि पर 1998 से विविध कार्यक्रमों का संचालन कर रहा हैं। वर्तमान में संस्था राजस्थान के 03 जिलों यथा अजमेर, चित्तौड़गढ़ एवं नागौर में विभिन्न गतिविधियों का सफल संचालन कर रही हैं। जिसमें अजमेर जिले की 5 पंचायत समितियों-श्रीनगर, सिलोरा, भिनाय, पीसांगन, और केकड़ी एवं चित्तौड़गढ़ जिले की 5 पंचायत समितियों-चित्तौड़गढ़, निम्बाहेड़ा, कपासन, चन्देरिया, सावा एंव नागौर जिले की 02 पंचायत समितियों-रियाँबड़ी एवं परबतसर में कार्य कर रही हैं।

## संस्था के विज़न, मिशन एवं उद्देश्य-

### विज़न (Vision)

ऐसे सशक्त समाज की स्थापना करना जो शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक, सामाजिक एवं रोजगार की दृष्टि से आत्मनिर्भर हो।

### मिशन (Mission)

मानवीय एवं प्राकृतिक संसाधनों के समुचित उपयोग से पिछड़े, अभावग्रस्त, ग़रीब समाज को स्वयं सहायता समूह, कलस्टर व फेडरेशन के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक व सामाजिक दृष्टि से सशक्त करना ग्रामीण लोगों, वंचित वर्ग खासकर महिलाओं/बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, पेयजल व आजीविका के साधन सुनिश्चित करवाना।

## संस्था के उद्देश्य (Objectives)

- समस्याग्रस्त गांवों में स्वच्छ पीने के पानी की व्यवस्था करने में ग्रामीण क्षेत्रों में सहयोग करना।
- ग्रामीण क्षेत्रों में लोगो को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना एवं विशेष तौर से महिला स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना।
- महिला विकास व सशक्तिकरण के क्रम में ग्रामीण महिलाओं की रूचि पैदा करना तथा महिलाओं को स्वरोजगार का प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाना।
- किसानों को आधुनिक तकनीक की जानकारी देना एवं आधुनिक तकनीकी कृषि के लिए प्रेरित करना।
- ग्रामीण लोगों का बीमा से जुड़ाव करके जोखिम की क्षतिपूर्ति करना।
- ग्रामीण महिलाओं को साक्षरता केन्द्रों के माध्यम से साक्षर करना।
- बालश्रम उन्मूलन के लिए लोगों को जागरूक करना।
- ग्रामीणों को पशुपालन जैसे- उन्नत नस्ल की बकरी एवं अन्य पालतु पशु पालन करने के लिए प्रेरित करना।
- पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़-पौधों के महत्व के प्रति लोगों को जागरूक करना।
- महिला व बाल विकास कार्यक्रम का संचालन व लोगों में जागरूकता हेतु बैठकों का आयोजन करना।
- बेहतर शिक्षा हेतु विद्यालयों एवं पुस्तकालयों की स्थापना करना।
- ग्रामीण दस्तकारी को बढ़ावा देने में सहयोग करना एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु खादी ग्रामोद्योग की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए नियमानुसार ऋण उपलब्ध करवाना।

# द् हंस फाउण्डेशन 'हंस मोबाइल मेडिकल सर्विसेज'
# The Hans Foundation 'Hans Mobile Medical Services"

## पृष्ठभूमि

हंस मोबाइल मेडिकल सर्विसेज कार्यक्रम का संचालन द् हंस फाउण्डेशन-नई दिल्ली के वित्तीय सहयोग एवं मार्गदर्शन से ग्रामीण महिला विकास संस्थान-बूबानी, अजमेर, राज. द्वारा मई 2014 से किया जा रहा हैं। अजमेर जिले की श्रीनगर पंचायत समिति की 04 ग्राम पंचायतों के 12 गाँवों में कार्यक्रम टीम द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही हैं। परियोजना द्वारा 12 गाँवों **( बूबानी, दांता, गेगल,खोडा, मुहामी, जाटली, गुढ़ा,**

**गोडियावास, नौलखा, टिढाणा की ढ़ाणी, निम्बूकियॉ की ढ़ाणी, तथा भवानीखेड़ा )** के ग्राम वासियों विशेषत: महिला तथा बच्चों को निशुल्क स्वास्थ्य जाँच तथा दवाईयाँ प्रदान कर रहे हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला तथा बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार करना एवं मातृ और शिशु मृत्यु दर में कमी करना हैं। कार्यक्रम टीम द्वारा स्वास्थ्य जाँच के साथ-साथ समय-समय पर विभिन्न प्रशिक्षणों, स्वास्थ्य शिविरों एवं जागरूकता कार्यक्रमों आदि का भी आयोजन किया जाता हैं। परियोजना टीम हर महिने में कार्यक्रम से जुड़ें गाँवों में 02 बार जाकर स्वास्थ्य सेवाएं एवं विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का संचालन करती हैं। परियोजना के इस दूसरे सत्र 2015-2016 में कार्यक्रम के तहत 18562 लाभार्थियों को राहत पहुँचाई गई हैं।

## कार्यक्रम के उद्देश्य

- ❖ महिला एवं बच्चों के स्वास्थ्य स्तर में सुधार करना।
- ❖ मातृ और शिशु मृत्यु दर में कमी लाना।
- ❖ कार्यक्षेत्र के लोगों को नि:शुल्क चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना।
- ❖ ग्रामवासियों को समय पर स्वास्थ्य सम्बन्धी सुविधायें आसानी से मुहैया कराना।
- ❖ ग्रामवासियों को समय पर पूर्ण इलाज प्राप्त कराना ताकि बिमारी को जड़ से समाप्त किया जा सके।
- ❖ लोगों के स्वास्थ्य सम्बन्धी खर्चो में कमी लाना ताकि उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार सम्भव हो।
- ❖ चिकित्सा सेवाओं के साथ-साथ विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का संचालन करना।
- ❖ जागरूकता शिविरों के द्वारा महिलाओ, किशोरी बालिकाओं तथा ग्रामवासियों को विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारियाँ प्रदान करना।
- ❖ वर्ष भर में विभिन्न राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय दिवसों पर स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारियाँ एवं जागरूकता रैलियों का आयोजन करके गाँव वालों को लाभान्वित करना।
- ❖ लाभार्थियों को पोषाहार, स्वच्छता, शारीरिक देखभाल, आँखों की देखभाल, मानसिक स्वास्थ्य, सबस्टेंस एबयूज तथा सामाजिक कुरीतियों जैसें-दहेज प्रथा, बाल विवाह, शराब, नशाखोरी, आदि पर काउसंलिंग सेवाएं प्रदान करना।
- ❖ महिलाओं एवं उनके परिवारों को प्रसव पूर्व, सुरक्षित प्रसव तथा प्रसव बाद देखभाल हेतु प्रोत्साहित एवं जागरूक करना।
- ❖ ग्राम वासियों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर सरकारी योजनाओं के साथ जोड़ना।

## रणनीति

- ➢ गाँव में प्रत्येक घर का सर्वे करना।
- ➢ स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा गाँव में एम्बुलेन्स तथा स्वास्थ्य टीम पहुँचने की जानकारी देना।
- ➢ गाँव की प्रत्येक गर्भवती महिला, धात्री महिला तथा गरीबों से सम्पर्क करना।
- ➢ होम विजिट द्वारा महिलाओं, बालिकाओं तथा ग्रामवासियों को जागरूकता बैठक में उपस्थित होने हेतु

प्रेरित करना।

- संस्थान द्वारा संचालित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को एकत्रित कर स्वास्थ्य सम्बन्धी मुद्दों पर चर्चा करना।
- ग्राम स्वास्थ्य कमेटी की मासिक बैठकों का आयोजन करना तथा बच्चों के आहार, टीकाकरण, विटामिन-ए आदि मुद्दों पर विस्तृत चर्चा करना।
- गम्भीर गर्भवती महिलाओं को चिन्हित करना एवं बच्चों तथा महिलाओं को नजदीकी अस्पताल पी. एच.सी. या सी.एच.सी. पर रेफर करना।
- स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा गाँव में इलाज किये गये मरीजों की होम विजीट करना तथा उनका फॉलोअप करना। एवं स्थिति के बारे में स्वास्थ्य टीम से बातचीत करना।
- स्वास्थ्य कार्ड़ों द्वारा माताओं एवं बच्चों का रिकॉर्ड रखना तथा उनका रिकार्ड के अनुसार उपचार करना।
- परियोजना अधिकारी द्वारा समय-2 पर परियोजना, स्वास्थ्य टीम एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की मॉनिट्रिंग व मूल्याकंन करना।

## उपलब्धियाँ

- कार्यक्रम द्वारा सत्र 2015-2016 में मार्च 2016 तक 18562 मरीजों का उपचार किया गया।
- स्वास्थ्य टीम द्वारा एम्बुलेंस के साथ जाकर परियोजना के 12 गाँवों में माह में 02 बार जाकर नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की गई।
- स्वास्थ्य टीम का मुख्य लक्ष्य महिलाओं तथा बच्चों को स्वास्थ्य सुविधायें प्रदान करना था। जिसके मध्यनजर रखते हुए स्वास्थ्य टीम द्वारा 12563 महिलाओं एवं 4182 बच्चों तथा 1817 पुरूषों को लाभ पँहुचाया गया।
- 2894 गर्भवती तथा 500 धात्री महिलाओं को चिकित्सा सेवायें प्रदान की गयी।
- 134 मरीजों को रैफर किया गया।
- 1022 महिलाओं एवं 183 बच्चों और 93 पुरूषों को लैब इन्वेटीगेशन/जाँच की सुविधायें प्रदान की।
- 503 गर्भवती महिलाओं की लैब जाँच की गई।
- 2223 बच्चों का टीकाकरण किया गया।
- परियोजना टीम द्वारा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाता हैं। इस वर्ष संस्थान द्वारा 2734 महिलाओं 2733 बालिकाओं तथा 2043 ग्रामवासियों के विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के द्वारा जागरूक किया गया।
- स्वास्थ्य टीम द्वारा वर्ष भर में विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय दिवसों का आयोजन किया गया

जैसे–विश्व मधुमेह दिवस, विश्व दृष्टि दिवस, विश्व पर्यावरण दिवस, विश्व स्वास्थ्य दिवस आदि।

- इस सत्र में 400 प्रसव सरकारी संस्थान, 95 प्रसव निजी संस्थान और 28 प्रसव घर पर हुए।
- 1195 बी.पी.एल. सदस्य लाभान्वित हुए।
- 312 महिलाओं, बच्चों तथा पुरूषों का स्वास्थ्य टीम द्वारा घर–घर पहुँचकर इलाज किया गया। वे ऐसे मरीज थे जो एम्बुलेंस तक आने की स्थिति में नही थे।
- परियोजना टीम द्वारा कार्यक्षेत्र के सरकारी विद्यालयों की तीन–2 बालिकाओं के साथ समूह बनाये गये। इनके साथ स्कूल में प्रत्येक माह बालिका समूह के साथ एक जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। इस वर्ष 10 बालिका समूह के साथ 140 बैठकों का आयोजन किया गया।
- 1125 मरीजों का उपचार स्टेशनरी हेल्थ सेन्टर–बूबानी में किया गया।
- ग्रामवासियों के स्वास्थ्य में सुधार विशेष तौर पर महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार हुआ।
- ग्रामवासियों के चिकित्सा एवं बिमारी पर लगने वाले समय व खर्च की बचत हुई।
- ग्रामवासियों को समय पर पूर्ण इलाज मिलने पर सभी मरीजों ने दवा का पूर्ण पाठ्यक्रम (कोर्स) लिया।
- विभिन्न जागरूकता शिविरों, रैलियों के माध्यम से स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारियाँ मिली तथा जिनका जीवन में उपयोग कर जीवन स्तर में वृद्धि हुई।
- ग्रामवासियों द्वारा स्वास्थ्य टीम तथा एम्बुलेंस का बेसब्री से इंतजार किया जाता हैं क्योंकि ग्रामवासी स्वास्थ्य टीम के उपचार को ज्यादा महत्व देते हैं।

## लक्षित हस्तक्षेप परियोजना ''माईग्रेन्ट टी.आई.'' चित्तौड़गढ़
## (Targeted Intervention Migrant Programme Chittorgarh)

ग्रामीण महिला विकास संस्थान–द्वारा चित्तौड़गढ़ जिले में पिछले 02 वर्षो से अर्थात 01 मार्च 2014 से लक्षित हस्तक्षेप माईग्रेन्ट परियोजना का संचालन किया जा रहा हैं। यह कार्यक्रम राजस्थान स्टेट एड्स कन्ट्रोल सोसायटी–जयपुर के सहयोग एवं मार्गदर्शन द्वारा संचालित हैं। इस कार्यक्रम के तहत पलायन कर्ता माइग्रेन्ट 19935 'उन्नीस हजार नौ सौ पैंतीस' लोगों को रजिस्टर्ड किया गया हैं। इस कार्यक्रम में रजिस्टर्ड लोग भारत के विभिन्न राज्यों व क्षेत्रों से सम्बन्धित हैं। अधिकांश लोग बिहार, झारखण्ड, पंजाब, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, बंगाल, व उड़ीसा एवं राजस्थान राज्यों से हैं।

वर्तमान में चितौड़गढ़ जिले के निम्न फैक्ट्रीयों व अन्य क्षेत्रों में कार्यरत महिला व पुरूषों को रजिस्टर्ड किया हैं। ये फैक्ट्रीया–आदित्य बिडला सावा, लाफार्ज, जे. के. मांगरोल, वण्डर सीमेन्ट, के. के. कोटेक्स, गणपति

फर्ट्रीलाइर्जस, बिरला सीमेन्ट आदि मुख्य हैं। इनके अलावा एफ.सी.आई. गोदाम चन्देरियां व चितौड़गढ़ रेल्वे फाटक, रेल्वे ट्रैक चन्देरियां, कपासन के अन्य क्षेत्रों, निम्बाहेड़ा व सावा के अलग-अलग क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को इस कार्यक्रम से जोड़ा गया हैं।

वर्तमान में 19935 लोगों को रजिस्टर्ड किया गया हैं। 5549 समूह बैठके की गई हैं। इनके माध्यम से लोगों को टी.आई. कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गई। एच.आई.वी. एड्स, कण्डोम, आई.सी.टी.सी., ए.आर.टी., एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर के बारे में बताया गया। अभी तक 173 नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया हैं। जिसमें 9828 लोगों की चिकित्सक द्वारा विभिन्न जाँचे की गई हैं। व 2656 लोगों की एच.आई.वी. एड्स व वी.डी.आर.एल. 'यौन रोग' की जाँच हुई हैं। 738 लोगों के एस.टी.आई. यौन रोगों की जाँच व इलाज किया गया। 48 नुक्कड़ नाटक व पपेट शौ आयोजित किये गये। इनके माध्यम से एच.आई.वी. एड्स की सामान्य जानकारी दी गई।

## उद्देश्य

1. प्रतिवर्ष 10,000 माइग्रेन्ट लोगों को रजिस्टर्ड करना।
2. फिल्ड व डी.आई.सी. में एकल व समूह बैठकों का आयोजन करना।
3. नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन व उसमें परामर्श व जाँचें नि:शुल्क उपलब्ध करवाना।
4. एच.आई.वी. एड्स की जाँच व परामर्श।
5. लोगों मे एच.आई.वी. एड्स, यौन रोग फैलाव व बचाव की जानकारी देने के साथ ही कण्डोम उपयोगिता के प्रति जागरूक करना।
6. माइग्रेन्ट को सुरक्षित यौन व्यवहार के लिए प्रेरित करना ताकि संक्रमण को अपने स्थान पर ही रोका जा सके।

## रणनीति

- ❖ उच्च जोखिम समूह की महिला व पुरूष माइग्रेन्ट व्यक्तियों को टी.आई. कार्यक्रम के तहत रजिस्ट्रेशन करना।
- ❖ नि:शुल्क शिविरों में लोगों की उपस्थिति बढ़ाना।
- ❖ कण्डोम उपयोग व सुरक्षित व्यवहार के लिए प्रेरित करना।
- ❖ नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सुरक्षित यौन व्यवहार के प्रति जागरूक करना।
- ❖ लोगों में एच.आई.वी. एड्स, एस.टी.आई./आर.टी.आई. , वी.डी.आर.एल. जाँच, एवं यौन व्यवहार के प्रति जागरूक करना।

## गतिविधियॉं

- ➢ **रजिस्ट्रेशन:**-परामर्श, नि:शुल्क स्वास्थ्य कैम्प आदि डी.आई.सी. के माध्यम से किये जातें हैं। ताकि उनकों कार्यक्रम की प्रत्येक गतिविधियों से जोड़ा जा सके। ये पी.एल. व पी.ई. के द्वारा किया जाता हैं।
- ➢ **परामर्श :**-संस्थान के परामर्श कर्ता द्वारा माइग्रेन्ट व अन्य लोगों को परामर्श दिया जाता हैं। उच्च जोखिम

व्यवहार की जानकारी देकर उनको एच.आई.वी. एड्स टी.बी./एस.टी.आई. आदि संक्रमणों के बारे में बताना। लोगों को सुरक्षित यौन व्यवहार के लिए प्रेरित करना। परामर्श व्यक्तिगत व सामूहिक दोनों तरह से किया जाता हैं माइग्रेन्ट को 14 प्रकार से परामर्श किया जाता हैं जो उनके उच्च जौखिम व्यवहार की जानकारी प्राप्त कर उसके जोखिम को कम करने व आई.सी.टी.सी. द्वारा रक्त जाँच करवा कर उसके एच.आई.वी. सक्रमण के बारे में जानकारी लेकर होने व न होने पर परामर्श करना, परिवार नियोजन, शराब व अन्य प्रकार का परामर्श कर उनकों जागरूक करना। संस्थान द्वारा अभी तक 9373 लोगों को परामर्श दिया जा चुका हैं।

- **रेफरल व लिंकेज:**-उच्च जोखिम समूह को डी.आई.सी. ऑफिस, आई.सी.टी.सी, ए.आर.टी., डॉट व अन्य जगह रेफर व लिंक करना। आवश्यकता अनुसार लोगों को रेफरल व लिंकेज किया जाता हैं। अब तक 2656 लोगों को आई.सी.टी.सी. जाँच करवायी हैं। साथ ही जो व्यक्ति एच.आई.वी. संक्रमित हैं उसको ए.आर.टी. से लिंक करवाया हैं। व अन्य सुविधाओं से भी जोड़ा गया हैं।
- **नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर:**-मार्च 2016 तक 173 स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया जिसमें कुल 9828 लोगों को नि:शुल्क जाँच एवं परामर्श किया गया। कुल 2656 लोगों के रक्त की जाँच की गई। 738 यौन रोगियों का इलाज किया गया। जिसमें लोगों को जागरूक किया गया। प्रति 06 माह मे रक्त की जाँच की गई ।
- **नुक्कड़ नाटक:**-संस्थान द्वारा नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को एच.आई.वी. एड्स व एस.टी. आई., टी.बी. के प्रति जागरूकता व बचाव की जानकारी दी। साथ ही इसके विषाणु कैसे फैलते हैं। इनसे कैसे बचाव हो सकता हैं। सुरक्षित यौन व्यवहार के लिए प्रेरित करना व कण्डोम की उपयोगिता को बताना। साथ ही एड्स का उपचार कहा करवाया जाता हैं। इसके बारे में पूर्व जानकारी दी जाती हैं। साथ ही अपने साथी के प्रति वफादारी व सुरक्षित यौन व्यवहार के प्रति जागरूक किया जाता है।
- **डेटा मूल्यांकन:**-एम/ई के माध्यम से डाटा का मूल्यांकन करना व पी.एम. द्वारा उसकी जाँच करवाना। समय पर सभी रिपोट्स को एकत्रित करना व आगे पहुँचाना। जिसका क्रम निम्न प्रकार हैं-पी.एल. -ओ.आर.डब्ल्यू-एम.जी.-पी.एम.
- **व्यवहार परिवर्तन:**-जोखिम पूर्ण व्यवहार सम्बन्धित लोगों के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करना। उनके साथ बैठक करना, उनके यौन व्यवहार को सुरक्षित यौन व्यवहार में परिवर्तन करना व जीवन में उपयोग करने के लिए प्रेरित करना। जिससे परिवार को सुरक्षित जीवन दे सके।
- **कार्यक्रम:**-माइग्रेन्ट टी. आई. परियोजना में विभिन्न महिला पुरूष के साथ बैठको का आयोजन करना। माईग्रेन्ट को परामर्श एवं जाँच उपलब्ध करवाना, स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन कर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित करना। नुक्कड़ व पपेट-शो करवाना। विभिन्न लोगों के साथ एडवोकेसी कर कार्यक्रम में अनुकूलता लाना। कण्डोम की उपलब्धता व उपयोगिता की जानकारी

देना। समयानुसार कान्गीरेशन इवेन्टस का आयोजन, डिमाण्ड जेनेरेट गतिविधियाँ करना। विभिन्न क्षेत्रों में एड्स दिवस पर गतिविधियों का आयोजन करना। विभिन्न कार्यक्रमों में सी.एस.आर. व एच. आर. सम्बन्धित अधिकारियों का सम्मिलित होना। टी.आई. कार्यक्रम के तहत एम.एम.ए. श्री मान चन्द्रभान सिंह जी आक्दा, प्रधान श्री मान प्रवीण सिंह जी, राजस्थान महिला मोर्चा अध्यक्ष श्री मती मीनू कंवर आदि द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों में आतिथ्य ग्रहण किया गया।

## उपलब्धियाँ

- ❖ कार्यक्रम जिला समन्वयक द्वारा चिकित्सा विभाग सरकारी एवं गैर सरकारी, सी.एस.आर./एच.आर. फैक्ट्री, यूनियन के साथ नेटवर्क बनाना।
- ❖ एडवोकेसी के माध्यम से लोगों को टी.आई. कार्यक्रम के प्रति समझ बनाना व सहयोग प्राप्त करना।
- ❖ माइग्रेन्ट लोगों में सुरक्षित व्यवहार के प्रति जागरूकता बढाना।
- ❖ लोगों में एड्स के प्रति समझ बढाना व साथ ही एड्स के भय को दूर करना व समझ विकसित करना।
- ❖ कण्डोम के प्रति समझ व उपयोगिता बढाना।
- ❖ एस.टी.आई./आर.टी.आई. इलाज के द्वारा रोगियों में कमी लाना।
- ❖ माइग्रेन्ट लोगों को टी. आई. के साथ अन्य सरकारी व गैर सरकारी सुविधाओं की जानकारी देना।
- ❖ महिला माइग्रेन्ट का संस्थान से जुड़ाव व सुरक्षित वातावरण में गोपनीयता के साथ जाँच व परामर्श करना।

जब दुनिया दीपावली व दशहरा मनाने की तैयारी कर रही थी तब सूरजमल को चौकाने वाला एच.आई. वी. एड्स की पॉजिटिव रिपॉर्ट मिली। उसी समय मानो उसके जीवन में भूचाल आ गया उसे ऐसा लगा कि सब कुछ खत्म हो गया।

## नाता प्रथा

इस प्रथा के अनुसार कोई महिला या पुरूष पहले विवाहित पति या पत्नी को छोडकर किसी अन्य पुरूष के साथ अपने परिवार की सहमति के साथ अपने ही समुदाय या जाति में साथ जीवन यापन करते हैं इस प्रथा को नाता प्रथा कहते हैं।

नाता प्रथा के अनुसार सूरजमल का विवाह स्वीटी से हुआ स्वीटी के आते ही सूरजमल के जीवन मे फिर से बहार आ गई। सूरजमल इस बात से अन्जान हैं कि स्वीटी पहले से ही एच.आई.वी. संक्रमित हैं। स्वीटी सूरजमल को कई बार चाह कर भी नही बता पाई क्योंकि वह सूरज को कभी खोना नही चाहती थी। दोनों हंसी खुशी अपना जीवन-यापन कर रहे थे। उनकों एक दिन खुश खबरी मिली कि सूरजमल पिता बनने वाला हैं वह इस बात से

बहुत खुश हुआ। वह अपनी पत्नी का और भी ज्यादा ख्याल रखने लगा। इसी बीच कभी–कभी स्वीटी की तबीयत खराब होने लगती थी। जब भी वह स्वीटी को अस्पताल ले जाने के लिए कहता तो स्वीटी उसे टाल देती थी। वह उसे काम की अधिकता के कारण तबीयत खराब होना बताती थी। वह अपनी इच्छा से दवाईयाँ खा लेती थी। इस तरह काफी समय बीत चुका था। एक दिन अचानक स्वीटी के पेट में दर्द हुआ। उसे परिवार द्वारा अस्पताल लाया गया जहाँ पर उसे पता चला की स्वीटी को एच.आई.वी. एड्स हैं।

तब वह डॉक्टर के पास गया तो डॉक्टर ने उसे भी एड्स की जॉच कराने के लिए कहा। सूरजमल ने एड्स की जाँच करवाई और वह नेगेटिव निकला पर एच.आई.वी. की जानकारी के अभाव में उसने इस बात पर ध्यान न देते हुए स्वीटी को घर ले गया। और वह अपना जीवन पहले की तरह व्यतित करने लगा। और तीन महीने बीत गए। इसी बीच उसे कब एच.आई.वी. संक्रमण हो गया उसे भनक तक नही लगी और वह रोज की तरह अपनी आजिविका चलाने के लिए कपासन के एक साइड पर कन्सट्रक्शन कार्य कर रहा था। तब आर.एस.ए.सी.एस. द्वारा संचालित **G.M.V.S.** संस्थान के ओ.आर.एस. बृजेश कुमार व नरेन्द्र से मुलाकात हुई और उन्होने सूरजमल व उनके साथियों को एच.आई.वी. एड्स फेलने के मुख्य चार कारण बताए तथा इससे बचने के लिए कण्डोम उपयोग करने को कहा एवं कण्डोम डेमों देकर कण्डोम उपयोग करने के सही तरीके की जानकारी दी। तब सूरजमल के मन में शंका हुई की बृजेश के बताए अनुसार असुरक्षित यौन सम्बन्ध बनाने से एच.आई.वी. होता हैं। और में भी कही एच.आई.वी. संक्रमित तो नही हो गया। इसी डर के कारण वह अपनी एच.आई.वी. की जांच कराने के लिए तैयार नही होता हैं क्योंकि सभी को मेरी उक्त बिमारी का पता चल जाएगा। और सामाजिक बहिष्कार हो जायेगा। एक दिन अचानक फिर से खुशी आ गई की सूरजमल फिर से पिता बनने वाला हैं। इसी तरह सात महिने बीत गए और सूरजमल स्वीटी की जांच करवाने जिला अस्पताल लाया डॉक्टर को दिखाने पर पता चला की स्वीटी को बच्चा आज ही होगा और सूरजमल यह बात सुनकर घबरा गया और स्वीटी की जांच करवाई तो डॉक्टर द्वारा स्वीटी को भर्ती कराने के लिए कहा पर वह तैयार नही हुई। उसी समय सूरजमल ने ओ. आर.डब्ल्यू. बृजेश कुमार को फोन किया बात सुनते ही संस्थान के पी.एम. काउन्सलर ओ.आर.वी. नरेन्द्र कुमार, बृजेश कुमार तुरन्त ही एम.बी.सी. अस्पताल पहुँचे और स्वीटी की काउन्सलिंग करके उसको समझाया उसके बाद स्वीटी अपने पहले प्रसव की आप बीती पी.एम. को सुनाई। और अस्पताल में प्रसव कराने के लिए मना कर दिया तब पी.एम. ममतासिंह चौहान द्वारा स्वीटी की काउन्सलिंग की गई और कहा कि हम तुम्हारे साथ है और तुम्हें किसी बात की परेशानी नही आने देंगें। उसके बाद स्वीटी जिला अस्पताल में भर्ती हुई। दूसरी ओर सूरजमल को एच.आई.वी. टेस्ट कराने के लिए प्रेरित किया। जिससे वह जांच के लिए तैयार हो गया कुछ देर बाद सूरजमल को एक अच्छी खबर के साथ एक बुरी खबर भी मिली।

अच्छी खबर तो यह थी कि स्वीटी ने एक नन्हीं सी प्यारी सी बच्ची को जन्म दिया हैं और जच्चा–बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। लेकिन इसी के साथ एक बुरी खबर यह कि सूरजमल को एड्स हैं वह एच.आई.वी. पॉजिटिव हैं। उक्त खबर सुन कर सूरजमल पर मानो पहाड़ सा टुट पड़ा। उसे ऐसा लगा कि सब कुछ खत्म हो गया हैं। वह इस खबर से इतना आहत हुआ कि मरने को तैयार हो गया। तब उसे पी.एम., ओ.आर.डब्ल्यू. काउन्सलर द्वारा

उक्त बिमारी से लड़नें के लिए प्रेरित किया एवं उसे जीवन के प्रति आशान्वित करते हुए कहा कि नियमित उपचार लेने से व्यक्ति सामान्य जीवन जी सकता हैं। इससे उसे हिम्मत मिली एवं आज वह नियमित उपचार ले रहा हैं एवं सामान्य जीवन जी रहा हैं।

सूरजमल ने एक तरफ जहाँ उक्त बिमारी के कारण अपने जीवन को समाप्त करने तक का निश्चय कर लिया था। लेकिन समय रहते ग्रामीण महिला विकास संस्थान द्वारा दिये गए मार्गदर्शन और उचित परामर्श एवं उपचार मिलने से आज उसे भी आशा की किरण नजर आ रही हैं एवं वह अपने परिवार के साथ बिना भय एवं किसी डर के हंसी खुशी सामान्य जीवन व्यतीत कर रहा हैं। आज वह ए.आर.टी. से लिंक हैं और समाज के लिए उसका संदेश हैं कि ''जीवो और जीने दो''

## ''वफादारी ही जिन्दगी''

एक दिन था, अपनी हसरतों के लिए जीया,
जिन्दगी यू ही जीता गया, जो मिला जुड़ता गया।
मन आनन्दित हो उड़ता गया, आकांक्षा संग चलता गया।
हर दिन नया सवेरा हुआ, पता नही चला क्यूं सुहाता गया।
लाख समझाया सभी ने पर, मैं यूं ही मुस्कराता गया।
जब मुझे मालुम हुआ, भोलेपन से एड्स हुआ।
सारे मजे एक पल में गुम हो गए, पत्नि बच्चे सब छोड़ गये।
माता-पिता के पास बैठकर रोता गया, ऐसा लगा मानो सब कुछ खत्म हुआ।
खूब समझाया उन्होने पर, कुछ भी समझ न पाया।
एक-एक कर सबका साथ छूट गया, सपनो का साथ भी छूट गया।
एक दिन आया, जब **G.M.V.S.** के लोग मिले।
मानो मेरे सूने जीवन को, फिर से प्राण मिले।
सोया था अब तक, पर अब मैं जाग गया हूँ।
अपनी हसरतों को पहचान गया हैं।
दर-दर भटकता यहाँ-वहाँ अब ये समझ गया हूँ।
जो हुआ इस वायरस ''एड्स'' से हुआ हैं।
जहां पहले में तिल-तिल मर रहा था, अब जी उठा हूँ।
और अब सबसे बस यही कह रहा हूँ।
रहे परिवार से वफादार, उत्तेजना में कण्डोम का उपयोग करें।
प्रति छः माह में रक्त की जांच करवायें।

By ममतासिंह चौहान
GMVS चित्तौड़गढ़

# महिला साक्षरता परियोजना
# (Women Literacy Programme)

## पृष्ठभूमि

ग्रामीण महिला विकास संस्थान–बूबानी, अजमेर गत 3 वर्षो से निरन्तर अजमेर जिले की सिलोरा एवं श्रीनगर पंचायत समितियों के 11 गाँवों में महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ी ग्रामीण असाक्षर महिलाओं को महिला साक्षरता कार्यक्रम (रात्रि शालाओं) के माध्यम से साक्षर करने के लिए सर रतन टाटा ट्रस्ट व सेन्टर फॉर माइक्रो फाईनेन्स के वित्तीय सहयोग एवं मार्गदर्शन से सिलोरा एंव श्रीनगर पंचायत समितियों में निम्न 11 गाँवों में उक्त कार्यक्रम के तहत रात्रि शालाओं का संचालन करते हुए निरक्षर महिलाओं को साक्षर करने के लिए प्रयासरत हैं।

### : महिला रात्रि पाठशाला सूची :

| क्रसं. | पाठशाला का नाम | गाँव का नाम | ग्रा. पं. का नाम | पं. समिति का नाम | नामाकिंत महिलाएं | शाला स्थापना तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | साथिन महिला पाठशाला | रलावता | रलावता | सिलोरा | 25 | 01.01.2014 |
| 2. | सहेली महिला पाठशाला | रलावता | रलावता | सिलोरा | 25 | 01.01.2014 |
| 3. | उजाला महिला पाठशाला | रलावता | रलावता | सिलोरा | 25 | 01.06.2014 |
| 4. | गंगा महिला पाठशाला | सिणगारा | थल | सिलोरा | 25 | 01.06.2014 |
| 5. | शारदा महिला पाठशाला | थल | थल | सिलोरा | 25 | 01.06.2014 |
| 6. | देव महिला पाठशाला | टोंकडा | खातोली | सिलोरा | 25 | 01.05.2015 |
| 7. | लक्ष्मी महिला पाठशाला | निटूटी | पनेर | सिलोरा | 25 | 01.01.2016 |
| 8. | लाडली महिला पाठशाला | सिणगारा | थल | सिलोरा | 25 | 01.01.2016 |
| 9. | सखी सहेली म0 पाठशाला | सराना | उटड़ा | श्रीनगर | 25 | 01.06.2014 |
| 10. | एकता महिला पाठशाला | दाँता | गेगल | श्रीनगर | 25 | 01.05.2015 |
| 11. | रोशनी महिला पाठशाला | बूबानी | बूबानी | श्रीनगर | 25 | 01.05.2015 |
| 12. | धनोप महिला पाठशाला | हाथीपट्टा | फारकिया | श्रीनगर | 25 | 01.01.2016 |
| 13. | गायत्री महिला पाठशाला | सराना | उटड़ा | श्रीनगर | 25 | 01.01.2016 |
| 14. | तारा महिला पाठशाला | टिढ़ाणा | नरवर | श्रीनगर | 25 | 01.01.2016 |
| 15. | सरस्वती महिला पाठशाला | निम्बूकिया | नरवर | श्रीनगर | 25 | 01.01.2016 |
| | | | | **कुल** | **375** | |

इस प्रकार पंचायत समिति सिलोरा की 04 ग्राम पंचायतों के 05 गाँवों में संचालित 08 रात्रि पाठशालाओं के माध्यम से 200 महिलाओं को साक्षर किया जा रहा हैं। इसी तरह पंचायत समिति श्रीनगर में भी 05 ग्राम पंचायतों के 06 गाँवों में 07 रात्रि पाठ शालाओं का संचालन करते हुए 175 महिलाओं को साक्षर किया जा रहा हैं। इस प्रकार कुल 15 रात्रि शालाओं में 375 महिलाओं को साक्षर किया जा रहा हैं। जिसके परिणाम स्वरूप महिलाएं अपना एवं अपने परिवार के सदस्यों के नाम लिखने के साथ-साथ अखबार एवं विभिन्न किताबें भी पढ़ने लगी हैं। साथ ही अपने स्वयं सहायता समूह की डायरी, बैंक डायरी व अपना व्यक्तिगत पास बुक को पढ़कर अपना हिसाब-किताब स्वयं करने लगी हैं। इसके अलावा ग्राम पंचायतों की बैठकों में भाग लेने लगी हैं एवं नरेगा आदि के आवेदन फार्म स्वयं भरने व समझने लग गई हैं। जिन महिलाओं को बिल्कुल भी पढ़ना लिखना नही आता था वे उक्त कार्यक्रम से जुड़ कर शिक्षा की दृष्टि से आत्मनिर्भर बन रही हैं।

## कार्यक्रम के उद्देश्य

- ग्रामीण क्षेत्र में संचालित महिला स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी निरक्षर महिलाओं को दैनिक जीवन में साक्षरता को लेकर आने वाली समस्याओं का सामना करने में सक्षम बनाना।
- गाँवों में संचालित होने वाली विभिन्न विकासात्मक योजनाओं में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना।
- स्वयं सहायता समूहों का क्षमतावर्द्धन के लिए क्रियात्मक साक्षरता को विकसित करना।
- समूह की महिलाओं में आत्मविश्वास विकसित करते हुए उनका सशक्तिकरण और उनमें आत्मनिर्भरता की भावना का विकास करना।
- गाँवों में संचालित विभिन्न सरकारी एंव गैर-सरकारी योजनाओं एवं गतिविधियों में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना।
- ग्राम सभाओं एवं सामाजिक विकास के लिए अधिकार के साथ भाग लेना।
- आरम्भ में प्राथमिक स्तर तक महिलाओं को साक्षर बनाना।
- महिलाओं को शैक्षिक दृष्टि से आत्मनिर्भर बनाना ताकि वे स्वयं सहायता समूह के हिसाब रजिस्टर एवं बैठक रजिस्टर आदि की कार्यवाही आदि को जान सके एवं अपना हिसाब-किताब स्वयं रख सके।

## रणनीति

- समूह मासिक बैठकों में महिलाओं को निरक्षरता एवं अशिक्षा से दैनिक जीवन में आने वाली विभिन्न समस्याओं से परिचित कराना।
- महिला समर्तित गतिविधियों में महिलाओं, महिला कलस्टर एवं समुदाय विशेष के साथ नियमित एवं ज्यादा से ज्यादा बैठके आयोजित करना।
- कार्यक्रम से जुड़ी हुई महिलाओं का अन्य महिलाओं से सम्पर्क कराना व आपसी विचार विमर्श करना।
- समय-समय पर महिला अध्यापिकाओं के विभिन्न प्रशिक्षण आयोजित करवाना।

- दस्तावेजी करण एवं योजनाबद्ध तरीके से शिक्षण करवाने के लिए नयी–नयी विधियाँ तैयार करना।
- एक रात्रिशाला का दूसरी रात्रि शालाओं में भ्रमण करवाना।
- समय–समय पर मूल्यांकन व स्तर जाँच करना।
- महिला अध्यापिकाओं एवं सहभागी महिलाओं के अनुरूप पाठशाला समय, स्थान, एवं अध्यापिकाओं का चयन करना।
- स्कूली साक्षरता को व्यावहारिक बनाकर महिला स्वयं सहायता समूह की क्षमता को सुधारने के लिए कार्यात्मक साक्षरता को विकसित करना।

## मुख्य गतिविधियॉं

- महिला स्वयं सहायता समूह व कलस्टर और समुदाय के साथ साक्षरता की जरूरत को निकालने के लिए बैठके करना जिससे स्थानीय साक्षरता की आवश्यकता निकल कर सामने आये।
- गाँवों का 10 प्रतिशत सर्वे करना जिससे वहाँ के वातावरण व उनकी पारिवारिक व व्यावसायिक स्थर का आँकलन हो सके।
- स्वयं सहायता समूह से जुडी महिलाओं व कलस्टर के साथ बैठके करके साक्षरता की जरूरत मंद महिलाओं की सूची तैयार की जाती हैं। इसी बैठक में स्थानीय महिलाओं को पढानें के लिए अध्यापिकाओं के चयन प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए यह शर्त रखी जाती हैं कि अध्यापिका स्थानीय व 10वीं या 12वीं तक पढ़ी लिखी हो। महिला अध्यापिका इमानदार, सेवाभावी, समय की पाबन्द, कर्तव्यनिष्ठ और मधुरभाषी समय–समय पर आयोजित होने वाले विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं बैठकों में भाग लेने वाली हो। उपरोक्त नियमों के अनुसार उन सभी महिलाओं व समुदाय की सर्व सहमति से अध्यापिकाओं का चयन किया गया। पाठशाला संचालन समय व स्थान का चयन सभी महिलाओं की सर्व सहमति से स्थान व समय तय किया गया।
- समय–समय पर हर तीसरे माह अध्यापिकाओं व कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण व शैक्षिणक भ्रमण भी करवाया जाता हैं।
- पाठय क्रम तैयार करने के लिए ओ.एल.पी. का रिसोर्स किट व संस्थान व एस.आर.टी.टी. से बार–बार रिसोर्स व्यक्ति द्वारा पाठ्यक्रम तैयार किया जाता हैं। रिपॉर्ट व दस्तावेज भी तैयार किया गया।
- ग्रामीण महिला विकास संस्थान के घनश्याम सादावत समय–समय पर कार्यक्रम मॉनिट्रींग करते हुए उचित मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। जिससे कार्यक्रम को सुनिश्चित तरीके से संचालित किया जा रहा हैं। सभी अध्यापिकाओं को दिशा निर्देश दिया जाता हैं।

- ओ.एल.पी. का रिसोर्स किट जो कि सरकारी विद्यालयों में उपयोग हों रहा हैं वही पाठ्यक्रम महिला साक्षरता केन्द्रों पर उपयोग किया जाता हैं जिसका प्रशिक्षण के दौरान अध्यापिकाओं को ग्राम रलावता में राजकीय विद्यालयों का अवलोकन व उपयोग में लेने का तरीका बताया गया। जिससे अध्यापिकाओं का मनोबल बढ़ा।

## परियोजना के शुरूआत से पहले की स्थिति

परियोजना के शुरूआत से पहले महिलाओं को अक्षर ज्ञान नही था। उन्होने कभी भी शिक्षा ग्रहण करने के बारे में सोचा भी नही था। क्षैत्र की महिलाएं अधिकतर दूसरे लोगों पर निर्भर रहती थी अपना नाम आदि नही लिख पाती, अपने हस्ताक्षर नही कर पाती। किसी प्रकार की चिट्टी पत्री या अपने दस्तावेज जैसे पहचान पत्र, आधार कार्ड, जॉब कार्ड पेंशन की रसीद या बैंक या डाक घर की पास बुक को पढ़कर उनकी पहचान भी नही कर पाती और इनको यह लगता था कि हमारी पढ़ने लिखने की उम्र भी निकल गई हैं। अब हम पढ़ लिख नही सकती। हमें हमारी जिन्दगी इसी तरह गुजारनी हैं। हमारी पढ़ाई लिखाई का जीवन में कोई महत्व नही हैं। अपने स्वयं सहायता समूहों की बैंठकों आदि में मुंशी लेखाकार आदि पर निर्भर रहती थी।

## परियोजना की वर्तमान स्थिति

महिलाएं अब धीरे-धीरे पढ़ने लिखने लगी हैं व उनका आत्मविश्वास भी बढ़ा हैं उन्हे अपने आप पर यह विश्वास हो गया कि पढ़ने लिखने की कोई उम्र नही होती हैं केवल अपना आत्म विश्वास व प्रयासरत रहने से हम पढ़ना लिखना भी सीख गई हैं वर्तमान में इन केन्द्रों पर 400 से अधिक महिलाओं ने अपना नाम लिखना सीख गई हैं। और नियमित पाठशाला से जुड़ने वाली महिलाए आज अखबार, किताबें आदि पढ़ने लग गई हैं। अपने परिवार के सदस्यों की सूची क्रमवार, उम्र व सम्बन्ध सहित विवरण में सूची बनाने लग गई हैं। अपने महिला स्वयं सहायता समूहों के लेखा सम्बन्धी एवं अन्य रजिस्टरों को स्वयं लिखने व पढ़ने का अभ्यास करने लग गई हैं। साथ ही अपनी स्वयं की पास बुक आदि को पढ़कर अपना हिसाब स्वयं कर लेती हैं।

# महिला स्वयं सहायता समूह गठन कार्यक्रम
# Woman Self Help Group Formation Programme

## पृष्टभूमि

ग्रामीण महिला विकास संस्थान–बूबानी, अजमेर जिले की श्रीनगर, सिलोरा, भिनाय व पीसागंन पंचायत समितियों के लगभग 300 गांवों में महिला स्वयं सहायता समूह कार्यक्रम विभिन्न संस्थाओं के वित्तीय सहयोग एवं मार्गदर्शन से पिछले 16 वर्षो से संस्थान द्वारा संचालित किया जा रहा हैं। संस्थान द्वारा वर्तमान में 1950 महिला स्वयं सहायता समूहों का गठन किया जाकर एवं उनको बैंकों से लिंकेज करवाकर उक्त समूहों का सफल संचालन किया जा रहा हैं। विभिन्न सरकारी एवं गैर–सरकारी संस्थाओं जैसे–नाबार्ड, अरावली, सर रतन टाटा ट्रस्ट, सी.एम.एफ., यू.एन.डी.पी. एवं अन्य सम्बन्धित संस्थाओं के द्वारा उक्त कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए वित्तीय सहयोग एवं तकनीकि प्रशिक्षण व मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा हैं। महिला स्वयं सहायता समूहों के कुशल संचालन के लिए संस्थान द्वारा महिला फेडरेशन का गठन किया गया हैं। समूह विवरण निम्न प्रकार हैं–

| क्र.सं. | वित्तिय वर्ष | समूह संख्या | वित्तिय सहयोग | पंचायत समितियाँ | जिला |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2004 | 50 | नाबार्ड–जयपुर | श्रीनगर | अजमेर |
| 2. | 2007 | 200 | नाबार्ड–जयपुर | श्रीनगर, सिलोरा, भिनाय | अजमेर |
| 3. | 2013 | 300 | नाबार्ड–जयपुर | श्रीनगर, सिलोरा, भिनाय, पीसांगन | अजमेर |
| 4. | 2015 | 300 | नाबार्ड–जयपुर | रियाबड़ी, परबतसर | नागौर |
| 5. | 2015 | 100 | नाबार्ड–जयपुर | श्रीनगर, सिलोरा, भिनाय, पीसांगन | अजमेर |
| 6. | 2016 | 1000 | नाबार्ड–जयपुर | श्रीनगर, सिलोरा, भिनाय, पीसांगन, अरांई | अजमेर |
| | **कुल समूह** | **1950** | | | |

## पृष्टभूमि

संस्थान के पास कुल 1950 महिला स्वयं सहायता समूह संचालित हैं। वित्तीय वर्ष 2015–2016 तक संस्थान द्वारा लगभग 35 करोड़ रूपयों का बैंक ऋण विभिन्न बैंकों यथा–आई.सी.आई.सी.आई., यूनियन बैंक, बडौदा ग्रामीण बैंक, एच.डी.एफ.सी. बैंक आदि से दिलवाया जाकर महिला सशक्तिकरण महिला आत्मनिर्भरता, महिला स्वरोजगार के क्रम में उत्कृष्ट कार्य किया हैं जिसका प्रमाण संस्थान द्वारा प्राप्त विभिन्न अवार्ड एवं प्रमाण पत्र हैं।

## उद्देश्य

- महिलाओं को समूह के माध्यम से संगठित करना एवं महिला मंच का गठन करना।
- परिवार एवं समाज में महिलाओं की सामाजिक व आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाना एवं परिवार एवं समाज में महिलाओं की भूमिका के प्रति लोगों का जागरूक करना।
- विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थाओं की योजनाओं एवं कार्यक्रमों और गतिविधियों में महिलाओं की भूमिका सुनिश्चित कर महिलाओं को उनमें सहभागी बनानें के क्रम में काम करना।
- विभिन्न प्रशिक्षणों के माध्यम से महिलाओं का क्षमता वर्द्धन करना ताकि वह अपना एवं अपने परिवार के विकास में सहयोगी बन सके।
- महिलाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक कर उन्हें साक्षर एवं शिक्षित बनाना ताकि वह अपना एवं अपने समूह के आपसी हिसाब आदि की जानकारी रख सके।
